नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.06.2020

नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।

1– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई जोन–1 में जाग्रति नगर एवं रोडवेज के पीछे नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में हददफ चौकी के पास एवं बहादुरपुरा संगिनी मैरिज लॉन के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 चौभुर्जी से अंटा चौराहे तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में मो0 भारद्वाजी में जे0सी0बी से नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के मनोकरण से दबे नाले तक एवं पुत्तू लाल चौराहे से तमी खॉ के भटटे तक की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

2– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 14.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य** – केशव नगर कालोनी, खिरनीबाग, मदराखेल, बंगश, दिलाजाक, रामनगर, हनमुतधाम, हुसैपुरा, नई बस्ती रेती, रेयान स्कूल, अजीजगजं स्थित रैन बसेरा, चौक क्षेत्र, कचहरी, जज साहब का बगंला, मोटर वाहन, दुघर्टना न्यायालय, किशोर न्यायालय, लाला तेली बजरिया, बाल गृह बालिका हथौड़ा, एफ0सी0आई0 कोतवाली रौजा एवं **फागिंग का कार्य**– केशव नगर कालोनी,खिरनीबाग, मदराखेल, , बंगश, हनुमतधाम, हुसैनपुरा, रायल विशनु दयाल,मोहनदास स्कूल, स्टेट गार्डेन, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कॉलेज, मुमुक्ष आश्रम, नई बस्ती, रेती, रेयान स्कूल, नवादा, रैन बसेरा, दिलाजाक, रामनगर, लाला तेली बजरिया, महमंद जलालनगर, सुभाषनगर, आवास विकास कालोनी, ऑफीसर्स कॉलोनी,आदर्श नगर कालोनी में कराया गया।

**कल दिनांक 15.06.2020 को रोस्टर के अनुसार** तारीन जलालनगर, खटकाना, खिरनीबाग,आफीसर्स कालोनी,इन्दिरा नगर,खिरनीबाग सराय, बहादुरपुरा,लोहिया कालोनी, चमकनी करबला, कृष्णानगर, माधोनगर, मक्कू बजरिया, महमन्द हददफ,हुण्डालखेल,खलीलगर्वी, फ्रेन्डस कालोनी,शाह कालोनी, भारद्वाज कालोनी, चौकसी, रंगमहला, घूरन तलैया, नई बस्ती, दीवान जोगराज,सम्पूर्ण रोजा क्षेत्र में कराया जायेगा।

नगर निगम,शाहजहॉपुर।